**सार-समाचार**

## बार एसोसिएशन ने पोस्टर का विमोचन

**पाटन** (निसं)। आगामी 11 अप्रैल को आयोजित होने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह को लेकर नीमकाथाना में तैयारियां तेज हो गई हैं।इसी क्रम में बार एसोसिएशन नीमकाथाना द्वारा भव्य कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र चौधरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। एडवोकेट गोपाल सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले आवासीय शिक्षण संस्थान, धोली डूंगरी (नीमकाथाना) में दोपहर 12:15 बजे से जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व सुबह 9:15 बजे पुराना बस स्टैंड से छात्रावास तक एक विशाल वाहन एवं बाइक रैली निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों की भागीदारी की अपेक्षा है।इस अवसर पर बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र चौधरी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने युवाओं सहित सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रैली और समारोह में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें महासचिव एडवोकेट गिरधारी लाल बागड़ी, गोपाल सैनी, मनीराम जाखड, गोपाल लाल शर्मा, भानाराम वर्मा, प्रहलाद यादव, सुरेश शर्मा, बंटेश सैनी, रामवतार लांबा, राजेंद्र सैनी, हरिसिंह सैनी, महेश सैनी, राजेंद्र भाटिया, सुरेश सैनी, फतेसिंह सैनी, नवदीप सैनी, पंकज सैनी, जसवंत मीणा, धर्मवीर यादव, राजेंद्र गजराज, रामनिवास सैनी और राधेश्याम वर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## 227 हाई रिस्क गांवों में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। जिले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 227 हाई रिस्क गांवों में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग के साथ-साथ बीपी, शुगर और हिमोग्लोबिन की जांच की जाएगी।इस अभियान की शुरुआत के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चिन्हित हाई रिस्क गांवों में हेल्ड हैंड एक्स-रे मशीन के माध्यम से अधिक से अधिक एक्स-रे तथा बलगम जांच सुनिश्चित की जाएगी, जिससे टीबी की समय पर पहचान और उपचार संभव हो सके।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के 30 बिंदुओं के आधार पर जिले के 227 गांवों को हाई रिस्क श्रेणी में शामिल किया गया है। इनमें ब्लॉक रतनगढ़ के 30, चूरू के 27, राजगढ़ के 30, सरदारशहर के 60, तारानगर के 26, सुजानगढ़ के 29 तथा बीदासर के 25 गांव शामिल हैं, जहां चरणबद्ध तरीके से आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे।

## शिक्षकों का बकाया मानदेय शीघ्र जारी हो, को सौंपा ज्ञापन

**रतनगढ़** (निसं)। शिक्षकों की लंबित मांग को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा रतनगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार से वार्ता कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं अन्य बोर्डों की प्रतियोगी परीक्षाओं में सेवाएं देने वाले शिक्षकों का लंबे समय से बकाया मानदेय तत्काल जारी करने की मांग उठाई गई। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष भोजराज शर्मा एवं ब्लॉक सचिव मुरलीधर अजमेरिया के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भंवरलाल पूनिया, उपसभाध्यक्ष महेंद्र सिंह शेखावत एवं संघर्ष समिति संयोजक बजरंग बिस्सू उपस्थित रहे।शिक्षक नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही बकाया मानदेय जारी नहीं किया गया तो संगठन मजबूरन आगामी प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन का बहिष्कार करना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## बेबी किट वितरित किए

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीर डॉ. एसएन शुक्ला की प्रेरणा से स्वर्गीय निरंजनलाल केडिया परिवार के आर्थिक सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल के जनाना विंग परिसर में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 32 किट संक्रमण की रोकथाम के लिए वितरित किए गए। डॉ. सुमन भालोठिया ने अस्पताल में उपस्थित नवजात शिशुओं की माताओं को बच्चों के संक्रमण से बचाव के लिए जानकारी प्रदान की व स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक एवं जोन चेयरमैन डॉ. एसएन शुक्ला, जोन सेक्रेटरी एवं रीजन पर्यावरण डिप्टी डायरेक्टर सूमेरसिंह कर्णावत, महावीर इंटरनेशनल अपेक्स ट्रस्टी व निवर्तमान अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्यामसुंदर जालान, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुमार मूंड, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, रीजन केंद्र डेवलपमेंट डिप्टी डायरेक्टर सुभाषचंद्र जोशी, रीजन इवेंट मैनेजमेंट डिप्टी डायरेक्टर सीताराम सैनी, एमआईएफ एवं संस्था सेक्रेटरी प्रदीप कुमार शुक्ला एवं काफी संख्या में गणमान्य जन व अस्पताल कर्मचारी मौजूद रहे।

## कासावती नदी संरक्षण में रोक नहीं, खनन-क्रेशर कारोबारी बेखौफ जारी

**पाटन** (निसं)। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के सेंट्रल बैच में दायर रिट 350/2024 के तहत अमित कुमार और कैलाश मीणा की याचिका पर गंभीर हालात सामने आए हैं। भारत सरकार के नमामि गंगे कार्यक्रम के महानिदेशक ने राजस्थान के मुख्य सचिव को नीमकाथाना में बहने वाली कासावती नदी के संरक्षण के लिए सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन बावजूद इसके खनन और क्रेशर उद्योग लगातार नए निर्माण कर रहे हैं।स्थानीय पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि प्रशासनिक कार्रवाई केवल कागज़ों तक ही सीमित रह गई है और जमीन पर कोई ठोस प्रभाव नहीं दिख रहा। खनन और क्रेशर के कारोबारियों की हौसले बुलंद हैं और नदी संरक्षण पर खतरा बढ़ता जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मीणा भराला ने बताया कि रिट मामले की अगली सुनवाई 2 अप्रैल 2026 को होगी, जिसमें उम्मीद लगाते हैं कि अदालत अब इस निष्क्रियता पर सख्त रुख अपनाएगी।

## अर्जुन महर्षि प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**नोहर,** (निसं)। चिकित्सा शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय में कार्यरत सहायक प्रोग्रामर अर्जुन महर्षि को राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से आईटी कर्मचारियों में खुशी की लहर है। अर्जुन महर्षि को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने की खबर मिलते ही बधाई देने वालों का तांता लग गया। प्रदेशभर से आईटी साथियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर धीरज शर्मा, पवन स्वामी, मुकेश गिदवानी, सुरेंद्र बाना और नरेश कुमार खाती आदि ने बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान और अधिक प्रभावी तरीके से होगा। सहकर्मियों ने विश्वास जताया कि अर्जुन महर्षि अपने अनुभव और कार्यकुशलता से संगठन को नई दिशा देंगे तथा कर्मचारियों के हितों की मजबूती से पैरवी करेंगे।

## जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**पाटन** (निसं)। बक्सीपुरा में ठाकुरजी सीताराम मंदिर की माफी भूमि पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण को लेकर मंदिर महंत बलबीर दास ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि रामकिशन और ओमप्रकाश स्वामी ने मंदिर की भूमि पर जबरन फसल उगा कर जबरन तरीके से काटली और मंदिर पर कब्जा करने की धमकी दी। महंत ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने फर्जी दस्तावेज के जरिए देवस्थान विभाग से भूमि का रजिस्ट्रेशन करवा लिया। महंत ने प्रशासन से आग्रह किया है कि अवैध कब्जा हटाकर फर्जी रजिस्ट्रेशन रद्द कराया जाए और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## श्रीराम धर्म यात्रा कल

**नोहर,** (निसं)। यहां कल निकाली जाने वाली श्रीराम धर्म यात्रा बिहानी स्टेडियम से शुरु होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए शहरी गौरव पथ स्थित शिव मन्दिर ब्राह्मण पाठशाला पहुंचेगी। इससे पहले विधायक अमित चाचाण और पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र चाचाण एवं समर्थक उनके निवास स्थान के आगे धर्म यात्रा के पहुंचने पर भव्य स्वागत करेंगे। धर्मयात्रा में अधीक से अधीक आमजन पहुंचे इसके लिए समिति ने प्रचार- प्रसार के साथ व्यक्तिगत रुप से पीले चावल देकर यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया।

# प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया




राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर 2 के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

**नोहर,** (निसं)। यहां के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर 2 का सीनियर स्तर पर क्रमोन्नत होने के बाद प्रथम बार घोषित कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस उपलक्ष में बुधवार को विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह में कक्षा 12 में 75 से अधिक अंक प्राप्त करने वाली होनहार छात्राओं को माला पहनाकर व ग्यारह-ग्यारह सौ रुपए का नगद पुरस्कार देकर संस्था प्रधान आरती कौशिक द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य आरती कौशिक ने बताया कि इस वर्ष आयोजित बोर्ड परीक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं व बारहवीं में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसके लिए समस्त विद्यार्थी एवं अध्यापक व स्कूल स्टॉफ, सदस्य बधाई के पात्र हैं। संस्था प्रधानाचार्य की ओर से घोषणा की गई की सत्र 2026-27 में 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक से अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को ग्यारह - ग्यारह सौ रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय एसडीएमसी सदस्य मुकेश पण्डा व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अदरीश गौरी ने भी समस्त विद्यार्थियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य प्रकाश चंद्र कस्वां, सज्जन कुमार, कमल कुमार छींपा, ममता पारीक, आशीष छींपा, राजबाला शर्मा, रिमझिम पारीक, राजकुमार ज्ञानाणी, विनोद कुमारी, नीलम छींपा, श्वेता भट्ट, निर्मला आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन अध्यापक राजकुमार ज्ञानाणी ने किया।

## नव प्रवेशी बालकों का विद्यालय में स्वागत किया

**सीकर** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए आज पहला दिन रहा और विद्यार्थियों के लिए नया सत्र शुरू हुआ ।राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उजीन सिंह कवनाडा बेरी में सभी विद्यार्थियों को रोली, मौली बांधकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

प्रधानाध्यापक राज कमल जाखड़ ने बताया कि विद्यालय की व्यवस्थाओं से प्रभावित होकर अभिभावक विद्यालय में अपने नौनैनिहलों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए आए हैं ।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की एक बहुत महत्वपूर्ण बदलाव की योजना आज से लागू हुई है और इससे निश्चित रूप से सरकारी विद्यालय में नामांकन बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि पहले विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद छुट्टियां हो जाती थी ,विद्यार्थी पूरे डेढ़ महीने बिना किताबों के रहते थे। लेकिन इस बार राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रथम परख आयोजित हो जाएगा और ग्रीष्मावकाश में विद्यार्थियों के पास किताबें होंगी जिससे उनका वह अध्ययन कर सकते हैं। नव प्रवेशी 10 विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। विद्यालय स्टाफ ने अभिभावकों को विद्यालय की व्यवस्थाएं दिखाई गई, विद्यार्थियों के लिए किए गए नवाचार और उनके लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया इसके साथ ही साथ आगामी वर्ष की योजना के बारे में अभिभावकों के साथ मिलकर कार्य योजना बनाई। इसके साथ ही साथ कक्षा दो से आठ तक सभी विद्यार्थियों को तिलक और मोदी बांधकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। नया सत्र आज से शुरू हो रहा है इसकी सभी को बधाई देकर अपने उद्देश्य तक पहुंचाने की कामना की है। इस अवसर पर सबसे पहले मां सरस्वती की समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिसमें सुरेंद्र सिंह शेखावत, दयाल सिंह किशोर सिंह ,भंवर सिंह ने सरस्वती के समक्ष पूजा अर्चना कर नए सत्र की शुरुआत की।

## प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश दिया

**सीकर,** (निसं)। शहर के सुभाष चौक में धार्मिक श्रद्धा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का एक अनूठा संगम बुधवार को देखने को मिला। श्री लंकापुरी बालाजी धाम निशान यात्रा के पदयात्रियों की सुविधा के लिए आयोजित एक सेवा शिविर में सेवा ही संकल्प अभियान के तहत प्लास्टिक मुक्त भारत की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल की गई।

इस समस्या को देखते हुए इंद्र चंद्र शर्मा और उनकी टीम द्वारा इस बार एक सराहनीय बदलाव किया गया। शिविर में पदयात्रियों को प्लास्टिक के बजाय शुद्ध स्टील के गिलासों में नींबू पानी वितरित किया गया।

इंद्र शर्मा ने बताया कि आमतौर पर सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में सिंगल-यूज प्लास्टिक या डिस्पोजेबल कप के उपयोग से कार्यक्रम के बाद कचरे का अंबार लग जाता है।

इंद्र चंद्र शर्मा ने बताया कि सेवा के साथ-साथ प्रकृति की रक्षा करना भी हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि धार्मिक आयोजनों में स्वच्छता बनी रहे और प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह बंद किया जाए। स्टील के गिलासों का उपयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए बेहतर है, बल्कि यह हमारे शहर को कचरा मुक्त रखने में भी मदद करता है।

भीषण गर्मी के बीच अपनी यात्रा पूरी कर रहे श्रद्धालुओं ने इस ठंडे पेय से राहत पाने के साथ-साथ आयोजकों की इस नो-प्लास्टिक सोच की जमकर सराहना की। इस दौरान सेवाभावी युवाओं की टोली ने स्वयं गिलासों को धोने और पुनः वितरण की जिम्मेदारी संभाली, जिससे आयोजन स्थल पर पूर्णतः स्वच्छता बनी रही।

इस दौरान भाजपा शहर महामंत्री हरेंद्र सिंह जैदिया, दिनेश शर्मा, पवन काशल्या, अनुराधा सरपंच, विष्णु कुमावत, रामचंद्र कुमावत, भावेश कुमावत, विजयराणा, अनिल कुमावत, सुरेश चोटिया आदि ने कार्य में सहयोग किया।

## ताजुशाह तकिया क्षेत्र में जमा गंदे पानी से आमजन परेशान



वार्ड 30 स्थित ताजुशाह तकिया क्षेत्र में गंदे पानी का चैम्बर अवरूद्ध होने के कारण जमा गंदे पानी से आमजन का हाल-बेहाल है।

**चूरू** (निसं)। वार्ड 30 स्थित ताजुशाह तकिया क्षेत्र में गंदे पानी का चैम्बर अवरूद्ध होने के कारण जमा गंदे पानी से आमजन का हाल-बेहाल है।

आपको बतादें कि इसके पास ही शिव मंदिर स्थित है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि इस वार्ड की दोनों गलियों में चौबीस घंटे पानी भरा रहता है। गली में बनी दोनों साइड की नालियों का पानी नगर परिषद द्वारा बनाये गये चैम्बर में नहीं जा रहा है। नगर परिषद् द्वारा बनाये गये पम्प हाउस से चैम्बर में जो पानी छोड़ा जाता है, वह भी दोनों नालियों में आ जाता है। इससे 200 घरों के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इससे स्कूली विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि नगर परिषद् को अवगत कराने के बाबजूद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और यह समस्या जस की तस बनी हुई है।

### सम्मान समारोह आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। जेके मोदी राजकीय बालिका उमावि झुंझुनूं में छात्राओं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10 में टॉपर रही सोफिया खान, निधि, आयशा बानो, कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में 93.60 प्रतिशत अंक के साथ टॉप करने वाली सोनू चावला, सानिया शेख 93.20 तथा सना खान 89.40 प्रतिशत, कला वर्ग में टॉप अंशिका जोशी 92 प्रतिशत, काजल गोदारा 90.40 तथा सुप्रिया 87.40 प्रतिशत को सम्मानित किया गया।

## शराब की दुकान के विरोध में ज्ञापन दिया

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के जैन समाज महिला मंडल एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व व्यापारियो ने बाबा रामदेव रोड़ स्थित महिला मंडल क्षेत्र में प्रस्तावित शराब की दूकान के विरोध में बुधवार को जिला कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार बजरंग राठौड़ को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने बताया कि प्रस्तावित शराब की दुकान महिला मंडल भवन से मात्र लगभग 10 मीटर की दूरी पर स्थित है, जहाँ समय-समय पर जैन धर्म के साधु-साध्वीगण का निवास होता है तथा विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालु एवं अतिथि भी ठहरते हैं। महिला मंडल भवन से ही धार्मिक कार्यक्रमों एवं यात्राओं का प्रारंभ होता है जिससे यह स्थान अत्यंत पवित्र एवं संवेदनशील माना जाता है। इसके अतिरिक्त, उक्त स्थल के समीप लक्ष्मीपति मंदिर, जैन समुदाय का सभा भवन (लगभग 20 मीटर दूरी), एवं ओसवाल पंचायत भवन भी स्थित हैं जिससे यह क्षेत्र धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। क्षेत्र में राष्ट्रीयकृत बैंक एवं ज्वेलरी मार्केट होने के कारण यहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं आमजन का आवागमन रहता है।

## सहकारी भूमि विकास बैंक के संचालक मण्डल की हुई बैठक



अध्यक्ष राजेन्द्र सिहाग ने भूमि विकास बैंक की बैठक ली।

**नोहर,** (निसं)। बुधवार को सहकारी भूमि विकास बैंक लि. हनुमानगढ के संचालक मण्डल की बैठक अध्यक्ष राजेन्द्र सिहाग की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संचालक मण्डल बैठक में बैंक उपाध्यक्ष जगदीप सिंह, संचालक मण्डल योगेश झोरड, रमेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार, मदन लाल, विजेन्द्र बेनीवाल, संदीप कुमार, आरती, सचिव अभिषेक महिया एवं अमीलाल सहारण, उप-रजिस्ट्रार सहकारी समितियां हनुमानगढ उपस्थित रहे।

संचालक मण्डल की शुरूआत गत बैठक की पुष्टि करते हुए की गई तथा बैंक की ऋण वसूली एवं ऋण वितरण की समीक्षा की गई। बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 742.92 लाख का ऋण वितरण किया गया।

इसी प्रकार बैंक की 31 मार्च 2026 तक अवधिपार ऋण वसूली 27.00 प्रतिशत, चालू वसूली 63.48 प्रतिशत, कुल वसूली 41.45 रही है, जो कि गत वर्ष की अवधिपार वसूली से 19.20 प्रतिशत एवं कुल वसूली में 10.70 प्रतिशत अधिक रही है। इसी के साथ बैंक की संचालक मण्डल की बैठक में बैंक हित में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक में उपस्थित माननीय सदस्यों द्वारा अपने-अपने सुझाव रखे गये।

हनुमानगढ व नोहर दोनों शाखाओं के नवनिर्माण रंग रोगन व फर्नीचर खरीदने का प्रस्ताव पारित किया गया समय पर बैंक का ऋण चुकाने वाले किसानों को विशेष प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव पारित किया गया, बैंक को ऋण वितरण की राशि बढ़ाकर 2000 लाख रुपए करने का प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार को भेजा गया। अतः में बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र सिहाग एवं बैंक सचिव अभिषेक महिया द्वारा सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्त की गई।

### निरीक्षण किया

**सीकर** (निसं)। नगर परिषद सीकर द्वारा शहर में सड़कों के चौडाईकरण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस लाइन रोड फाटक नंबर 2 (पुरोहित जी की ढाणी) से शिव मंदिर तक प्रस्तावित 40 फीट सड़क चौडाईकरण का कार्य प्रगति पर है। इस अभियान में क्षेत्रवासियों द्वारा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर सराहनीय सहयोग किया जा रहा है। इस कार्य का नगर परिषद के वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अधिशाषी अभियंता नागरमल, सहायक अभियंता विकास मिश्रा, संबंधित जोन इंचार्ज एवं प्रवर्तन दस्ता टीम उपस्थित रही। वरिष्ठ आयुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा रहे वार्डवासियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

**सार-समाचार**

## काला दिवस मनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आ ान पर केन्द्र सरकार द्वारा मजदूर कर्मचारी विरोधी चार लेबर कोड को लागू करने के खिलाफ जिला कलेक्टर परिसर झुंझुनूं के सामने धरना देकर काले दिवस के रूप में मनाया व सभा का आयोजन कर विरोध प्रकट किया गया और मांग की गई कि मजदूर विरोधी चारों लेबर कोड तुरंत वापस लिए जाए। सरकार के इस कदम की घोर निंदा की गई। इस दौरान बीजेपी सरकार मुर्दाबाद, लेबर कोड वापस लो, इंकलाब जिंदाबाद, साम्राज्यवाद मुर्दाबाद, मजदूर किसान एकता जिंदाबाद के नारे लगाए गए। वक्ताओं ने कहा कि मजदूर कर्मचारी विरोधी लेबर कोड को तुरंत वापस नहीं लिया तो एक बड़े आन्दोलन का सामना करने के लिए तैयार रहे। अमेरिका इजरायल द्वारा ईरान पर बर्बर हमले की घोर निंदा करते हुए भाजपा सरकार की चुप्पी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। आरोप लगाया गया कि फांसीवादी मोदी सरकार द्वारा मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं यानी मजदूरों की गुलामी के दस्तावेज मजदूरों की मेहनत की लूट को बढाएगी। विरोध सभा की अध्यक्षता क्रांतिकारी किसान यूनियन के संयोजक पोकर सिंह झाझड़िया ने की। सभा को क्रांतिकारी मजदूर मोर्चा के महेश चौमाल, शहीद भगतसिंह विचार मंच के संयोजक बजरंगलाल एडवोकेट, भीम आर्मी के शकील फौजी, मुस्लिम न्याय मंच के इमरान बड़गुजर, आसपा के महेंद्र चारावास, सहदेव कस्वां, फूलचंद बुडानिया, पितराम कालेर, युनूस अली भाटी, रामनारायण झाझड़िया ने संबोधित किया। इसके अलावा धर्मपाल सिंह डारा, बालाराम मेघवाल, त्रिलोक सिंह, श्यामलाल एवं बनवारीलाल के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सीकर,** (निसं)। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुनीता पाण्डेय ने बताया कि राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर में बुधवार को महाविद्यालय क्रीड़ा समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई प्रथम एवं द्वितीय, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), महिला प्रकोष्ठ तथा आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत 100 मीटर, 400 मीटर एवं 800 मीटर दौड़, रस्साकशी तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 100 मीटर दौड़ में कृष्णा दाधीच प्रथम, हर्षित दीक्षित द्वितीय एवं अजय वशिष्ठ तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड में सज्जन कुमार प्रथम, मोहित मीणा द्वितीय तथा आर्यन बोहरा तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में मोहित मीणा प्रथम, सज्जन कुमार द्वितीय एवं मुरारी लाल कुमावत तृतीय स्थान पर रहे। रस्साकशी (पुरुष वर्ग) में टीम प्रताप विजेता तथा टीम शिवाजी उपविजेता रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में टीम भगतसिंह विजेता एवं टीम सुभाष चन्द्र बोस उपविजेता रही। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुनीता पाण्डेय ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अध्ययन के साथ-साथ खेल गतिविधियों में सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## डीवी शास्त्री ने जन्मदिन मनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। बुधवार को महर्षि दयानंद जिला योग समिति के संरक्षक एवं आर्य समाज के प्रधान व केंद्रीय विद्यालय के पूर्व प्रिंसिपल धर्मव्रत शास्त्री का 86वां जन्मदिन योग साधकों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। नियमित योगाभ्यास के बाद वैदिक मंत्रोच्चर के साथ पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी एवं डीवी शास्त्री ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलन किया एवं हर्बल केक काटकर जन्म दिन मनाया। कार्यक्रम में शुभकरण चौधरी ने शास्त्री को माल्यार्पण एवं शॉल पहना कर उनको जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान कर उनके शतायु होने की कामना की। इस अवसर पर महर्षि दयानंद जिला योग समिति के अध्यक्ष पवन कुमार, रामनिवास जिनोलिया, डॉ. सम्पत बारूपाल, सुभाष सोनी, संजय अग्रवाल, ओमप्रकाश मीणा, मनीराम खालिया, महर्षि दयानंद महिला जिला योग समिति की अध्यक्ष सुनिता बेनीवाल, प्रीति शर्मा, मोनिका, मीनू अग्रवाल, रजनी जिनोलिया, सुमित्रा खालिया, राजेंद्र कुमावत, विनोद पुजारी, जितेंद्र टीबडा ने भी शास्त्री जी को माल्यार्पण कर उनको जन्म दिन की हार्दिक बधाई दी एवं उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर शास्त्री ने कहा कि आप सभी योग साधना का अभ्यास करते है।

## कर्नल बैंसला को श्रद्धांजलि दी

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय के साथ लगते उदावास गांव स्थित देवनारायण मंदिर पर शहीद स्मारक पर गुर्जर नेता स्वर्गीय गुर्जर महानायक कर्नल किरोडी सिंह बैंसला को गुर्जर समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि कर्नल किरोड़ी बैंसला ने गुर्जर समाज को शिक्षा से जोड़ा गुर्जर सहित एमबीसी समाज की पांच जातियों को 5 प्रतिशत आरक्षण दिलाया। कर्नल किरोड़ी सिंह हमेशा कहा करते थे कि अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, पढ़ी-लिखी मां, कर्ज मुक्त समाज का ध्येय अपनाएंगे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई - निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में शील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या: एस. एंड टी- बी.के. एन / 25-26/43, दिनांक-25.03.2026. कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के सादुलशहर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 को 580 मीटर बढ़ाने एवं बीकानेर डिवीजन के केसरीसिंहपुर स्टेशन पर 3 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज पर S&T के संबधित कार्य का प्रावधान। **अनुमानित लागत मूल्य:** रु. 29,50,512.55. **बिड सिक्योरिटि राशि:** रु. 59,000/-. **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 21.04.2026 को 15:00 बजे तक। **वेबसाइट जहा निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in **474-AR/26**

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन**

मु.नं.125/2026/1057 दिनांकः-30-3-26

सर्व साधारण को सूचनार्थ

**नोटिस**

**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि सरोज अग्रवाल, 415 महिमा हेरिटेज, विद्याधर नगर, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अंतर्गत आशियाना संस्थान, सविता सदन, नया बास चूरू के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे।

और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 27.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.05.2026 निश्चित है।

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग बीकानेर

तहसीलदार (राजस्व) चूरू ।

मूल नोटिस बाद तामिल पेशी से पूर्व लौटाने की व्यवस्था करे।

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ(राज)**

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2026/21368997 दिनांक :-01.04.2026

**आपति आमत्रंण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रमोद कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद सरावगी निवासी रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ ने सैक्टर आवासीय निकट धामण्डी का आवासीय भूखण्ड सं. 125 साईज 40' गुणा 90' फुट के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपने नाम से नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्रीमती विमला देवी पति श्री रामजीलाल, देवेन्द्र कुमार, विनोद कुमार, सविता कुमारी पुत्र-पुत्री श्री रामजीलाल के नाम से साईज 40' गुणा 90' का जारीशुदा है। श्रीमती विमला देवी वगैरह ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 28.10.2005 द्वारा श्री भागीरथपुत्र श्री शेराराम जाट को बैचान कर दिया। श्री भागीरथ की मृत्यु दिनांक 03.02.2014 को हो चुकी है। पूर्व पालिका आदेश क्रमांक 43277 दिनांक 06.04.2023 द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती कैकयी पति श्री भागीरथ, रविन्द्र कुमार, रीटा कुमारी, सुमन कुमार पुत्र-पुत्री श्री भागीरथ के नाम से जारीशुदा है। श्रीमती कैकयी वगैरह ने उक्त भूखण्ड जरिये बैयनामा दिनांक 11.06. 2025 द्वारा श्री प्रमोद कुमार सरावगी पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार सरावगी को बैचान कर दिया। जिसका अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

(शैलेन्द्र कुमार गोदारा), अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर